पंजाब केसरी 28/03/2025

कंपनियों के साथ अच्छे संबंध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं औद्योगिक भ्रमण : डा. रोहित दत्त

औद्योगिक भ्रमण पर गए गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के विद्यार्थी एवं प्राध्यापक।

अम्बाला, 27 मार्च (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में सी.आर.सी. यूनिट, कम्प्यूटर एप्लिकेशन विभाग, एम.बी.ए. विभाग एवं कॉमर्स विभाग द्वारा संयुक्त रूप से प्राचार्य डा. रोहित दत्त के दिशा-निर्देशन में औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया।

कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि औद्योगिक भ्रमण नेटवर्किंग के अवसर बढ़ाने एवं कंपनियों के साथ अच्छे संबंध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यार्थियों के लिए ऐसी इंडस्ट्रियल विजिट्स कॉर्पोरेट ट्रेनिंग और इंटर्नशिप के कई द्वार खोलती हैं, जिससे छात्रों की रोजगार क्षमता बढ़ती है। जी.एम.एन. कॉलेज समय-समय पर इस प्रकार के औद्योगिक भ्रमण का आयोजन करता रहता है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न कंपनियों की व्यावहारिक जानकारी से समृद्ध करना है।

एम.सी.ए. विभाग की डीन डा. प्रबलीन कौर ने बताया कि इस विजिट में कॉलेज के बी.सी.ए., एम.सी.ए., एम.बी.ए. एवं एम.कॉम विभाग के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सी.आर.सी. यूनिट की संयोजिका डा. भारती सुजान एवं टी.पी.ओ. प्रो कमलप्रीत कौर ने बताया कि विजिट पर गए सभी विद्यार्थियों ने प्रिंटिंग की सभी बारीकियों को जाना और समझा।

उन्होंने प्रिंटिंग सामग्री को संकलित करने से लेकर संपादन, लेआऊट और डिजाइन तक के सभी महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। इस औद्योगिक भ्रमण को सफल बनाने में टी.पी.ओ. प्रो. श्याम रहेजा एवं प्रो. रितिका का विशेष योगदान रहा।